प्रो0 दीपक नगरिया

परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0

(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2026/3123 दिनांकः 31 जुलाई, 2026

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः ऑन-लाइन छात्र शिकायत निवारण पोर्टल दिनांक 04 अगस्त, 2026 से क्रियाशील किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ के अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं तथा पूर्व छात्र-छात्राओं की शिकायतों के पारदर्शी, समयबद्ध एवं ट्रैक किये जा सकने योग्य निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ई.आर.पी. पोर्टल पर ऑन-लाइन छात्र शिकायत निवारण पोर्टल विकसित किया गया है, जिसे दिनांक 04 अगस्त, 2026 से क्रियाशील किया जाएगा।

अतः विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध संस्थानों के समस्त छात्र-छात्राओं एवं पूर्व छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि परीक्षा परिणाम, परीक्षा परिणाम में संशोधन, अंकों के अद्यतन, अंक-पत्र, उपाधि तथा परीक्षा संबंधी अन्य शिकायतें केवल विश्वविद्यालय के ऑनलाइन छात्र शिकायत निवारण पोर्टल के माध्यम से ही दर्ज करें।

पोर्टल लिंकः**https://erp.aktu.ac.in/Webpages/StudentServices/frmStudentGrievance.aspx**

<u>पोर्टल की मुख्य विशेषताएं:-</u>

- परीक्षा परिणाम, परीक्षा परिणाम में सुधार, अंकों के अपडेट, अंक-पत्र, उपाधि एवं परीक्षा संबंधी शिकायतें ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकेंगी।
- प्रत्येक शिकायत सफलतापूर्वक दर्ज होने पर आवेदक को एक विशिष्ट शिकायत संख्या (Grievance ID) प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक होगा।
- आवेदक उक्त शिकायत संख्या के माध्यम से किसी भी समय अपनी शिकायत की वर्तमान स्थिति एवं निस्तारण की प्रगति देख सकेगा।
- प्रत्येक शिकायत स्वतः सम्बन्धित अनुभाग को अग्रसारित होकर निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत निस्तारित की जाएगी।
- शिकायत के निस्तारण अथवा उसकी अद्यतन स्थिति की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी।

<u>आवश्यक निर्देशः-</u>

- शिकायत दर्ज करते समय सभी विवरण सही एवं पूर्ण रूप से अंकित करें तथा आवश्यक अभिलेख/प्रमाण-पत्र स्पष्ट एवं पठनीय रूप में अपलोड करें।
- शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण हेतु अपनी शिकायत केवल ऑनलाइन छात्र शिकायत निवारण पोर्टल के माध्यम से ही दर्ज करें।
- सभी छात्र-छात्राएं यह सुनिश्चित करें कि विश्वविद्यालय के ई.आर.पी. पोर्टल एवं परीक्षा आवेदन में उनका स्वयं का सक्रिय (Active) मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आई.डी. ही अंकित हो, जिससे ओ.टी.पी. (OTP), पासवर्ड, लॉगिन संबंधी सूचनाएं तथा परीक्षा एवं विश्वविद्यालय से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं सीधे उन्हें प्राप्त हो सकें।

परीक्षा नियंत्रक
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज
कन्नौज

11/2.

- यदि ई.आर.पी. में अंकित मोबाइल नम्बर अथवा ई-मेल आई.डी. के अपडेट अथवा सत्यापन में किसी प्रकार की आवश्यकता हो, तो उसे समय रहते अद्यतन करा लें, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।
- समस्त, निदेशकों एवं प्राचार्यों को इस आशय से प्रेषित है कि इस परिपत्र का व्यापक प्रचार-प्रसार संस्थान के सूचना-पट्ट, संस्थान की वेबसाइट, छात्र समूहों एवं अन्य उपयुक्त माध्यमों से सुनिश्चित करें, जिससे सभी छात्र-छात्राओं एवं पूर्व छात्र-छात्राओं तक उक्त सुविधा की जानकारी पहुँच सके।
- पोर्टल के उपयोग अथवा ई.आर.पी में मोबाइल नम्बर/ई-मेल संबंधी किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने की स्थिति में studenthelp@aktu.ac.in पर ई-मेल के माध्यम से सम्पर्क किया जा सकता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज
कन्नौज

भवदीय,

31-03-2026
(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. वित्त अधिकारी ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक